an>

Title: Regarding making houses in public land under Indira Awaas Yojana.

**श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद उत्तर प्रदेश है, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि हमारा संसदीय क्षेत्र तीन नदियों के मध्य में बसा हुआ है - गंगा नदी, रामगंगा नदी और काली नदी। जब भी बाढ़ आती है तो हमारे संसदीय क्षेत्र के किसानों व खेतिहर मजदूरों के गांव के गांव कट जाते हैं और जब गांव और उपजाऊ जमीन कट जाती है तो वहां के किसान शहरों में आकर या तो रिक्शा चलाते हैं या फुटपाथ पर भीख मांगकर अपने परिवार का पालन-पोÂ◌ाण करते हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि जहां बड़े स्तर पर ऐसे कटान होते हैं, जहां गांव के गांव नदियों में समा जाते हैं, वहां बांध बनाकर या ठोकर बनाकर उन गांवों को कटाव से रोकने का प्रयास किया जाए, जिससे उन गांवों के किसानों व खेतिहर मजदूरों को बेघर होने के बचाया जा सके और उनकी उपजाऊ की जमीन को भी कटने से बचाया जा सके।

इसके अलावा भी यदि गांव कटते हैं, उनके लिए जहां कहीं भी जो सरकारी जमीन पड़ी हो, उस पर इन्दिरा आवास के माध्यम से बेघर लोगों के लिए नये मकान बना दिये जाएं। यदि देश और प्रदेश में ऐसी घटना घटे तो सरकार वहां तुरंत इस तरह की कार्रवाई करे। धन्यवाद।

**14.00 hrs**